तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है ... 14



पचपेड़ी की टीम ने तीन ओवरों में ही लक्ष्य हासिल .. 14





## खबर संक्षेप




### मेला में खुड़खुड़िया जुआ, 3 लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बरतुंगा मेला में खुड़खुड़िया नाम के जुआ का संचालन करने वाले तीन लोगों को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बरतुंगा मेला में कुछ व्यक्ति खुडखुड़िया नामक जुआ का संचालन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तीन व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम भूषण साहू पिता निर्मल साहू (40 साल) निवासी भोकलूडीह थाना सांकरा, चूड़ामणि साहू पिता त्रिनाथ साहू (38 साल) निवासी बिंधनखोल थाना पिथौरा, महेश प्रधान पिता जनार्दन प्रधान (42 साल) निवासी रामपुर थाना पिथौरा बताए। उक्त आरोपियों के पास से एक नग परदा जिसमें चिड़ी, पान, हुक्म, ईंटा, झंडा, मुंडा बना हुआ, 06 नग गोटा, नगद रकम 13830 रुपए को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 6(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सेलून संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सेलून संचालक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तोष कुमार श्रीवास निवासी ग्राम केदुवा थाना सरायपाली ने बताया कि 25 दिसंबर को वह अपनी सेलून दुकान में था, तभी दोपहर करीब 02 बजे उसके बड़े पिता का लड़का बरूण श्रीवास आया और दुकान में लगे बॉक्स का आवाज फुल कर दिया। जिस पर उसने बॉक्स का स्विच निकाल दिया। जिस पर बरूण श्रीवास गाली गलौज करने लगा। इसके बाद शाम करीबन 7 बजे बरूण श्रीवास फिर दुकान में एक धारदार वस्तु लेकर आया और तुम लोगों को जान से मार दूंगा कहा। इसके बाद प्रार्थी घर चला गया। जहां आरोपी फिर गाली गलौच करते जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार वस्तु से मुझे मारपीट करने लगा, जिससे दाहिने हाथ के अंगूठे, उंगली के पास चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाना में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को भारत कोसले निवासी ग्राम तेंदूवाही ने बताया कि 24 दिसंबर को उसके गांव में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम था। 25 दिसंब को सुबह 6.30 बजे वह अपनी बहन लता कोसले, हीरा कोसले के साथ घर जा रहा था। सतनामी पारा नीम चौक के पास पहुंचने पर गांव के लल्लू जांगडे, राजा मारकंडे, रवि बघेल, सुशील बघेल एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट, पत्थर एवं हाथ मुक्का तथा डंडा से मारपीट किए। बीच बचाव करने आए विजय कोसले, हितेश कोसले, शत्रुघन कोसले, चम्मन कोसले एवं अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई। मामले में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# एक दिन बाद ही बदहाली का शिकार हुआ नगर का अटल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बड़े तामझाम और भारी-भरकम बजट के साथ लोकार्पित किया गया नगर का अटल परिसर उद्घाटन के ठीक अगले ही दिन बदहाली की तस्वीर पेश करने लगा है। जिस परिसर से शहरवासियों को मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के नए केंद्र की उम्मीद थी, वह अब देखरेख के अभाव में आवारा मवेशियों का ठिकाना बनता नजर आ रहा है।

गुरुवार को जिले के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भव्य समारोह आयोजित कर अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। मंच से विकास के दावे किए गए और इसे शहर की नई पहचान बताया गया, लेकिन जमीनी हकीकत उद्घाटन के अगले ही दिन सामने आ गई। परिसर के भीतर मवेशियों का जमावड़ा देखा गया, जिससे व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। मुख्य द्वार पर लगे स्वागत द्वार की मालाएं अभी सूखी भी नहीं थीं कि सुरक्षा और रखरखाव की लापरवाही उजागर हो गई। गेट खुले रहने और निगरानी की कमी के कारण मवेशी बेखौफ परिसर के भीतर घूमते नजर आए। इससे न केवल परिसर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि वहां लगाए गए पौधों के भी नष्ट होने की आशंका बढ़ गई है।

## देखरेख का अभाव, मवेशियों का लग रहा जमावड़ा

### फोटो खिंचवाने तक सीमित रहा कार्यक्रम

लोकार्पण समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर सुर्खियां बटोरने के बाद अगले ही दिन परिसर की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आया। यह पूरा आयोजन केवल फोटो खिंचवाने और औपचारिकता निभाने तक सीमित होकर रह गया है।




### आवारा मवेशियों का कब्जा

आने वाले दिनों में अटल परिसर की सुंदरता मवेशियों के गोबर और चारों ओर फैली गंदगी के बीच दबती नजर आ सकती है। मवेशियों की मौजूदगी से नए पौधों को भारी नुकसान पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा, परिसर में पानी, साफ-सफाई और बैठने जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव साफ दिखाई देता है। कुर्सियां और बेंच अब तक व्यवस्थित रूप से नहीं लगाई गई हैं, जिससे आम नागरिकों के लिए परिसर का उपयोग करना कठिन हो रहा है। यदि जल्द ही उचित देखरेख और सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई, तो अटल परिसर शहर की पहचान बनने के बजाय लापरवाही का प्रतीक बनकर रह जाएगा।

## चेंकिग: अब तक 4 लाख 21 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी, धान उठाव जारी

# आमाकोनी धान खरीदी केंद्र पहुंचे कलेक्टर लंगेह, कहा- किसानों को असुविधा न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आमाकोनी धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केंद्र प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बागबाहरा नमिता मारकोले, समिति प्रबंधक, कर्मचारी एवं कृषकगण मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने उपार्जन केंद्र में किसानों के पंजीयन, तौल प्रक्रिया, नमी परीक्षण, बारदाना उपलब्धता, स्टॉक संधारण एवं ऑनलाइन एंट्री की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने तौल कांटे की जांच कर उसकी शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी कार्य पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने केंद्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया, भुगतान एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान का अनावश्यक भंडारण न होने दिया जाए। उन्होंने मिलर्स एवं परिवहन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर नियमित एवं तेज गति से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश अथवा अन्य कारणों से धान को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों में उठाव की गति धीमी है, वहां तत्काल सुधार किया जाए तथा दैनिक प्रगति की सतत निगरानी की जाए। कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### अब तक 42 लाख क्विंटल धान की खरीदी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। आज धान खरीदी का 29वां दिन है। धान खरीदी के लिए 22 दिन शेष है। अब तक जिले के 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कुल 4217789.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें मोटा धान 3439240.40 क्विंटल, पतला धान 198 क्विंटल एवं सरना धान 778351.20 क्विंटल खरीदा गया है। इसी प्रकार अब तक 729869.38 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है।

### सास का इलाज कराने गए शिक्षक के सूने घर से चोरी

**महासमुंद।** अपनी सास की आंखों का इलाज कराने गए शिक्षक के सरायपाली स्थित घर से चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी दामोदर महापात्र पिता लिंगराज महापात्र (50 वर्ष) निवासी वीरेंद्र नगर महलपारा सरायपाली ने बताया कि वह सिरबोड़ा में शासकीय हाई स्कूल में शिक्षक है। 21 दिसंबर की सुबह 7 बजे घर में ताला लगाकर वह अपनी पत्नी ज्योतिर्मयी महापात्र तथा 12 वर्षीय पुत्री अंशिका महापात्र के साथ अपनी सास की आंख के ऑपरेशन हेतु ससुराल झारसुगुड़ा गया था, वहां से दिनांक 24 दिसंबर को संबलपुर के आई हास्पिटल ले गए थे। उसी दिन लगभग 12 बजे पिंकी अग्रवाल ने उसकी पत्नी को फोन बताया कि आपके घर में चोरी होने की आवाज आ रही है। इसके बाद वह तत्काल अपनी पत्नी के साथ घर वीरेंद्र नगर आकर पहुंचा और देखा तो मेरे घर के बाहर गेट का ताला लगा था, कोई अज्ञात चोर दीवार फांद कर घर के मेन दरवाजा का ताला तोड़कर घर अंदर रखे पुराना लैपटाप, पुराना टुल्लू पंप, गैस सिलेंडर 02 नग, सिलिंग फैन 3 नग, पुराना इंडक्सन 1 नग, कांसे का बर्तन (खुरी), सोने के जेवर कान का झुमका 1 नग, छोटा हार 1 नग, रानी हार 1 नग, कान की कनेटी (चेन),) नाक की फुल्ली 1 जोड़ी को चोरी कर ले गये, जिसकी कुल कीमत 97500 रुपए है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## 13 सालों का रिकॉर्ड टूटने की कगार पर, उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विभाग की हालिया चेतावनी के अनुसार, आगामी चार दिनों तक उत्तरी हवाएं अंचल को बुरी तरह ठिठुराने वाली हैं। अनुमान है कि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आएगी, जिससे हाड़ कंपाने वाली ठंड का अहसास हो सकता है। जिले में बीते कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटों में यह गिरकर 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। गौरतलब है कि जिले में पिछले 13 सालों बाद दिसंबर के महीने में इतनी भीषण ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही भारी बर्फबारी का सीधा असर अब मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। मौसम विभाग के विश्लेषण के अनुसार, आज से 29 दिसंबर के बीच एक शक्तिशाली उत्तर-पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाएं प्रदेश में प्रवेश करेंगी। इन बर्फीली हवाओं के कारण रात के साथ-साथ दिन के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे पूरा जिला शीत लहर की चपेट में आ सकता है।

### सेहत पर पड़ रही भारी मार अस्पतालों में मरीजों की कतार

मौसम के इस अचानक आए बदलाव और उतार-चढ़ाव ने आम जनजीवन के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। वर्तमान में जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। अस्पताल पहुंचने वाले सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में दोगुनी हो गई है। जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक लोग सर्दी-जुकाम और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

### आगामी तीन दिन रहेंगे चुनौतीपूर्ण

अगले तीन दिनों तक चलने वाली ये ठंडी हवाएं जनजीवन को और प्रभावित करेंगी। प्रशासन ने भी अलाव जलाने और रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं ताकि बेघर लोगों को इस कड़ाके की ठंड से बचाया जा सके।

## वीर साहिबजादों की स्मृति में निकली सफर-ए-शहादत शोभायात्रा





**महासमुंद।** सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए नगर में सिख समाज द्वारा भव्य सफर-ए-शहादत शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्थानीय गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों की शहादत और उनके साहसपूर्ण इतिहास से जनमानस को रू-ब-रू कराना रहा।

## नियमों को ताक में रखकर खुलेआम जलाया जा रहा कचरा, लोगों को हो रही दिक्कत

# कचरा कलेक्शन सेंटर के धुएं से बढ़ी स्वास्थ्य समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका के कचरा कलेक्शन सेंटर से उठने वाला जहरीला धुआं सरकारी दावों की पोल खोल रहा है। शहर के रिहायशी इलाकों के करीब स्थित इस सेंटर में नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम कचरा जलाया जा रहा है, जिससे हजारों लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

पिछले कई दिनों से कचरा कलेक्शन सेंटर में आग लगाए जाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सुबह और शाम के वक्त धुएं की परत इतनी घनी हो जाती है कि दृश्यता कम हो जाती है। धुएं में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर के कारण लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह धुआं दमा और ब्रोंकाइटिस के मरीजों की परेशानी बढ़ा रहा है। जहरीले धुएं के संपर्क में आते ही लोगों की आंखों में तेज जलन और पानी आने की समस्या हो रही है। हवा में मौजूद राख और रसायनों के कारण बच्चों और बुजुर्गों में खुजली व एलर्जी की शिकायतें बढ़ रही हैं। रामेश्वर साहू और अनीता देवांगन ने बताया कि शिकायत करने पर अधिकारी टीम भेजने की बात कहते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं बदलता। कर्मचारियों द्वारा अपनी सुविधा के लिए कचरे के ढेर में आग लगा दी जाती है, ताकि कचरा कम दिखे। यह हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।



### पर्यावरण नियमों की खुलेआम धज्जियां

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख्त निर्देश हैं कि खुले में कचरा जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के तहत कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान, पृथक्करण और पुनर्चक्रण अनिवार्य है। बावजूद इसके, नगर पालिका प्रशासन की नाक के नीचे प्लास्टिक, रबर और गीला कचरा एक साथ जलाया जा रहा है। प्लास्टिक जलने से डायोक्सिन और फ्यूरान जैसी कैंसरकारी गैसें निकलती हैं, जो लंबी अवधि में आबादी के लिए घातक साबित हो सकती हैं।

### जिम्मेदारों से मिल रहा रटा रटाया जवाब

जब इस संबंध में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने रटा-रटाया जवाब देते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने की आशंका है। कचरा प्रबंधन के लिए नए वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर काम चल रहा है। संबंधित कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी जाएगी। हालांकि, धरातल पर प्रशासन की यह सुस्ती लोगों के गुस्से को और भड़का रही है।

### स्थानीय नागरिकों ने की समाधान की मांग

नगरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन केवल आश्वासन न दें, बल्कि ठोस कदम उठाए। कलेक्शन सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि आग लगाने वालों की पहचान हो सके। कचरे को जलाने के बजाय उसका खाद बनाने या रीसाइकिल करने की व्यवस्था की जाए। सेंटर के चारों ओर घने पेड़ लगाए जाएं ताकि धुएं और गंध का असर कम हो सके।

### तेंदूवाही में मारपीट आरोपियों खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम तेंदूवाही में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को गौतम जांगड़े निवासी तेंदूवाही ने बताया कि 24 दिसंबर को हमारे गांव में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम था, जिसमें हम लोग सतनामी समाज की ओर से कार्यक्रम में कोई समस्या ना आए, इसलिए देखरख कर रहे थे। सुबह कार्यक्रम खत्म होने के बाद 25 दिसंबर की सुबह 6.30 बजे वह अपने घर जा रहा था। सतनामी पारा नीम चौक के पास पहुंचने पर शत्रुघन कोसले, चम्मन कोसले, विजय कोसले, भारत कोसले ने अपने अन्य साथियों के साथ एक राय होकर उसे कार्यक्रम कराते हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं राड, डंडा से मारपीट किए। इस दौरान बीच बचाव करने आये उमेश मारकंडे, राजा मारकंडे, राहुल टंडनन एवं अन्य लोगों के साथ भी उक्त लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट किए। आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुराने विवाद पर पत्थर से मारा, किया घायल

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी साहिल कुशवाहा निवासी कबीरनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लोकेश तिवारी के साथ पूर्व में विवाद हुआ था। इस विवाद को लेकर 24 दिसंबर को रात करीब 12 बजे मोहल्ले में लोकेश एवं उसके अन्य साथी ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने पत्थर से उस पर हमला किया, जिससे उसे चोट आई है।

### निगम की सामग्री और वाहन में आग लगाई

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक महिला के खिलाफ बीएनएसः 326 एफ, 115-2 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी महिला नतीन मरावी ने 24 दिसंबर को तड़के 3 बजे कैलाशनगर डेरापारा में नगर निगम की रखे सामग्री और एक टीवीएस स्कूटी वाहन में आग लगा दी। आग लगाने के बाद जब वह भाग रही थी, तो उसे प्रार्थिया जनता बाई नेताम ने देख लिया।

### एजी कार्यालय को झूठी जानकारी देने का आरोप एफआईआर की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग पर महाधिवक्ता कार्यालय एवं उच्च न्यायालय को 8 दिसंबर को झूठी एवं फर्जी जानकारी देने का आरोप लगाते हुए डीपीसी के अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधिकारी एवं ओआईसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि प्रधान पाठकों की पदोन्नति के संबंध में 8 दिसंबर को ओआईसी एवं बलौदाबाजार जिला शिक्षा अधिकारी ने महाधिवक्ता कार्यालय में शपथ पत्र देते हुए जानकारी दी कि सभी प्रधान पाठकों को पदोन्नति दी जा चुकी है। इस आधार पर पूरा मामला अब निष्प्रभावी हो चुका है, इस तरह एक ओर महाधिवक्ता कार्यालय सहित उच्च न्यायालय को प्रधान पाठकों की पदोन्नति हो जाने की झूठी जानकारी दे रहा है।

**नमन : वीर बाल दिवस पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित**

# साहस और बलिदान उम्र का मोहताज नहीं होताः द्रोण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी(भीमखोज)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में सिख धर्म के 10वें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा फतेह सिंह एवं बाबा जोरावर सिंह की अद्वितीय शहादत को स्मरण करते हुए वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गौरतलब है कि 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, ताकि देश की युवा पीढ़ी को साहस, त्याग और धर्मनिष्ठा के महान आदर्शों से प्रेरणा मिल सके।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्क्रैच ड्राइंग, कविता लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता शामिल रही। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं प्रतिभा के साथ भाग लेकर साहिबजादों के बलिदान को कलात्मक और भावनात्मक अभिव्यक्ति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष द्रोण पटेल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सच्चा साहस, बलिदान और देशभक्ति किसी आयु की सीमा में बंधे नहीं होते। अल्पायु में ही साहिबजादे बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह ने जिस अडिग संकल्प, आस्था और अन्याय के विरुद्ध अद्भुत साहस का परिचय दिया, वह मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देना सर्वोच्च वीरता है। पटेल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे साहिबजादों के आदर्शों को आत्मसात कर जीवन में सत्य, नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को अपनाएं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, आत्मबल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। संस्था के प्राचार्य अंकित चंद्राकर ने अपने संबोधन में गुरु गोविंद सिंह के त्याग, बलिदान, आस्था एवं धर्म की रक्षा हेतु किए गए संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिख गुरुओं का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने विद्यार्थियों को इतिहास से सीख लेकर सदैव सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। रंगोली प्रतियोगिता एवं कविता लेखन में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी रानी ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, स्क्रैच ड्राइंग प्रतियोगिता में राजेश्वरी नायक एवं पोस्टर मेकिंग में ऋतु पटेल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त हुलेश्वर पटेल, यश कुमार एवं वेद पटेल को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्रोण पटेल एवं प्राचार्य अंकित चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं साहस के संदेश के साथ हुआ, जिसने विद्यार्थियों के मन में देश, संस्कृति एवं वीर शहीदों के प्रति गहरी श्रद्धा एवं सम्मान की भावना जागृत की।

# जिस कर्म को करने से भगवान के चरणों में भक्ति हो जाए वही परम धर्मः स्वामी कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





जिस कर्म को करने से भगवान के चरणों में भक्ति हो जाए वही कर्म परम धर्म है। इसलिए मानव को चाहिए कि वे वही कर्म करें जिससे भगवान के चरणों में भक्ति जागृत हो जाए। जब भक्ति जागृत होगा तो ज्ञान और वैराग्य का जन्म शीघ्र होगा, उस कर्म का कोई अर्थ नहीं होता जब विधिपूर्वक काम करते रहने के बाद भी भगवान के चरणों में प्रेम उत्पन्न नहीं हो सका। ऐसे में केवल तुम श्रम ही कर रहे हो। स्थानीय तुमगांव रोड स्थित शारदा मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का व्यासपीठ से बखान करते हुए स्वामी कृष्ण देवाचार्य महाराज ने कही।

उन्होंने भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत में भगवान राम और कृष्ण को पूर्ण अवतार बताया गया है। अन्य अवतार भगवान के अंशावतार है। उन्होंने संक्षेप में 22 अवतारों का वर्णन किया। महराज ने धर्म, अर्थ, काम , मोक्ष के बारे में कहा कि धर्म धन कमाने के लिए नहीं, बल्कि मोक्ष के लिए करना चाहिए। और धन धर्म कमाने के लिए हो, किसी दूसरे को परेशान करने और अहंकार भाव के लिए धन का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसी तरह काम के बारे में उन्होंने कहा कि इंद्रियों को काम से संतुष्ट नहीं किया जा सकता, जिनके पास सौ रुपए है वह हजार और हजार वाला लाख रुपए प्राप्त करने की चाह रखता है इसलिए जितने में जीवनयापन हो जाए उतना ही कामना करना चाहिए। धर्मशास्त्रों में बताया गया है कि कामना से नहीं बल्कि संतोष द्वारा इंद्रियों को तृप्त किया जा सकता है। मनुष्य का परमधर्म वही है जो भगवान को अच्छा लगे और प्रभु चरणों में प्रेम अनुराग जागृत करें। भगवताचार्य ने भागवत को अध्यात्म का दीप बताया। भागवत सुनने के लिए है, न कि चुटकुले कहने के लिए, अंधकार से जो पार जाना चाहते है भागवत उन्हें अज्ञान का अंधकार मिटाकर प्रकाश के मार्ग में ले जाता है, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को भागवत के अध्यात्म का दर्शन करना चाहिए। उन्होंने जाति व्यवस्था पर भी प्रहार करते हुए कहा कि पहले कही पर भी जाति व्यवस्था नहीं थी बल्कि सनातन में वर्ण व्यवस्था है।

# नियमित रूप से कराई जा रही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित रूप से संचालित है।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने आरक्षक भर्ती 2023 के फाइनल नतीजे घोषित किए हैं जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के 33 अभ्यर्थियों का चयन आरक्षक के पद पर हुआ है जिसमें पुरुष अभ्यर्थी में - सूर्य प्रकाश सोनवानी, अनिल, संदीप निर्मलकर, देवांशु चंद्राकर, डिगेश्वर प्रसाद यादव, हितेश ध्रुव, नंदलाल ध्रुव, तोरण ध्रुव, शोभित पटेल, बोधराम ठाकुर, पेवन लाल, जसवंत, भगवान सिंह, कैलाश दीवान, रैन सिंह ध्रुव, कुणाल साहू, अभिषेक दीवान, शेर सिंह, इंद्र कुमार ध्रुव, तारेंद्र कुमार ध्रुव।

महिला अभ्यर्थी में - दिनेश्वरी ध्रुव, राखी पटेल, हितेश ध्रुव, दीपा बरिहा, लक्ष्मी ठाकुर, लक्ष्मी पटेल, ऋतु चंद्राकर, रीना ठाकुर, मनीषा कोसरे, कविता ध्रुव, नूतन दीवान, प्रीति सबर, चुम्मन कुमारी यादव। नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से अब तक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 127 है। यह शहर के लिए भी गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद व अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत महासमुंद व उपाध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी नवकिरण अकादमी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद व सदस्य सचिव नवकिरण अकादमी, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहायक जिला परियोजना अधिकारी महासमुंद, डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ - चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल - यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, रीतेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। वर्तमान में नवकिरण अकादमी में मॉर्निंग बैच में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है जानकारी हेतु कार्यालय नवकिरण अकादमी में संपर्क कर सकते हैं।

### 10 साल की नाबालिग से रेप, 25 वर्ष कैद

**रायपुर।** 10 साल की नाबालिग बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट ने अजय कुमार निषाद को 25 वर्ष कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार बच्ची अपनी मां के साथ 17 मार्च 2024 को एक छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी। इस दौरान अजय बच्ची को चाकलेट देने का बहाना कर अपने घर ले गया और उसके साथ रेप किया।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 26 दिसंबर को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उदम सिंग रामगढ़िया (सेवा निवृत्त प्राचार्य), प्रो. करुणा दुबे प्राचार्य, डॉ. रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रो. अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य मंचस्थ रहे।




स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास के उन पन्नों को पलटने का दिन है, जो त्याग, शौर्य और अडिग विश्वास की स्याही से लिखे गए हैं। आज हम यहां 'वीर बाल दिवस' मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों-बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है। आज के इस विशेष व्याख्यान का उद्देश्य केवल इतिहास दोहराना नहीं है, बल्कि साहिबजादों के उन संस्कारों और चारित्रिक बल को अपने भीतर आत्मसात करना है। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति के पथ पर भी अग्रसर हों। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उदम सिंग रामगढ़िया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत का इतिहास वीरता और बलिदान की अमर गाथाओं से भरा पड़ा है, परंतु साहिबजादों की शहादत ऐसी गाथा है, जो केवल तलवार की शक्ति नहीं, बल्कि अडिग आस्था, आत्मसम्मान और नैतिक साहस की मिसाल प्रस्तुत करती है।

सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में जब मुगल शासक औरंगज़ेब ने धार्मिक अत्याचारों की सीमाएं पार कर दी थीं, तब गुरु गोविंद सिंह अन्याय और दमन के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे। इसी संघर्ष के दौरान सन 1705 ई. में आनंदपुर साहिब से निकलते समय चमकौर का युद्ध हुआ। चमकौर के युद्ध में अत्यंत सीमित संख्या में सिख सैनिकों ने विशाल मुगल सेना का सामना किया।

साहिबजादा अजीत सिंह, जिनकी आयु मात्र 17 वर्ष थी, युद्धभूमि में उतरे और अद्वितीय वीरता का परिचय दिया। उनके पीछे-पीछे साहिबजादा जुझार सिंह, मात्र 14 वर्ष की अवस्था में, युद्ध के लिए आगे आए। पिता गुरु गोविंद सिंह के चरणों में शीश झुकाकर दोनों वीरों ने धर्म, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान यह दर्शाता है कि सच्चा धर्म रक्षा और न्याय के लिए आत्मबलिदान सिखाता है। चमकौर के युद्ध के बाद गुरु गोविंद सिंह की माता माता गुजरी अपने दो छोटे पौत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) व साहिबजादा फतेह सिंह (6 वर्ष) के साथ अलग हो गईं। सरहिंद में उन्हें पकड़कर नवाब वज़ीर खान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुगल शासन ने उन मासूम बालकों को इस्लाम स्वीकार करने का प्रलोभन दिया, राजपाट, धन और वैभव का लालच भी दिया गया, परंतु इन बाल वीरों ने निर्भीक स्वर में कहा कि वे अपने धर्म और आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं करेंगे।

अंततः, 26 दिसंबर 1705 ई. को उन दोनों साहिबजादों को जीवित दीवार में चुनवा दिया गया। यह घटना मानव इतिहास की सबसे करुण और अमानवीय घटनाओं में से एक मानी जाती है।

उसी दिन माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए। साहिबजादों की यह शहादत केवल सिख इतिहास तक सीमित नहीं है वरन यह मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और नैतिक साहस की वैश्विक मिसाल है। इस व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन प्रो. अजय कुमार राजा के द्वारा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ मालती तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आर के अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, सरस्वती सेठ, प्रियंका सोनवानी, मनीषा प्रधान, दिलीप कुमार बढ़ाई, केशर चंद्र बनपाल, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ जगदीश सत्यम, समस्त अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी व्याख्याता, महाविद्यालयीन कर्मचारी, रासेयो स्वयंसेवक व महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी लघु फिल्म 'गवन के बछिया' की शूटिंग, गौ रक्षा और संस्कृति संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गौ रक्षा और संस्कृति संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ी लघु फिल्म बनाया जा रहा है। 'गवन के बछिया' टाइटल से बन रही संदेशपरक इस फिल्म की शूटिंग महासमुंद जिले के कौंदकेरा गांव में हुई है। फिल्म की शूटिंग ग्रामीणों और बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीण फिल्म की शूटिंग देखने पहुंचे। स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विलुप्त हो रही छत्तीसगढ़ी संस्कृति और गो वंश को बचाने की दिशा में यह लघु फिल्म मील का पत्थर साबित होगा। फिल्म का निर्देशन ग्राम लाफिनकला के नवाचारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल व नवाचारी शिक्षक गोवर्धन साहू कर रहे हैं। सह-निर्देशन के रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि योगेश्वर चंद्राकर, मार्गदर्शक हायर सेकंडरी स्कूल तुमगांव के प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी की अहम भूमिका है। पटकथा वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी आनंदराम पत्रकारश्री ने लिखी है। टाइटल सॉन्ग दुर्ग भिलाई निवासी अंतरराष्ट्रीय रचनाकार डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल का है। लघु फिल्म में नया रायपुर के यूट्यूबर कलाकार भोज धीवर, मनेश्वर पटेल, दुजेराम धीवर, एक्ट्रेस सुधा देवदास, नीलम साहू, कोमल लाखोटी, संजय मेश्राम, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका द्रौपदी साहू, रंगमंच कलाकार परमानंद साहू, पुरानिक साहू, कुलेश्वर मानिकपुरी आदि विभिन्न रोल में नजर आएंगे। फिल्मांकन की जिम्मेदारी प्रतीक टोंड्रे, टिंकू चेलक व ढालेंद्र बाग संभाल रहे हैं। यह छत्तीसगढ़ी में गौ सेवा पर संभवतः पहली लघु फिल्म है। इसमें गौ माता की सेवा-सुरक्षा के संदेश के साथ प्राचीन विवाह परंपरा में 'गवन के बछिया' की महत्ता को रेखांकित किया गया है।

फिल्म में हास्य विनोद का भरपूर समावेश किया गया है। इसके साथ ही विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके बैलगाड़ी, ढेरा, झांपी, सुपा, चन्नी, बेलन, कंडील, खुमरी, खड़पडी, नोई जैसी ग्रामीण परिवेश से संबंधित सामग्री और भौरा, बांटी, बिल्लस, गिल्ली डंडा आदि परंपरागत खेल विधाओं को सहेजने पर जोर दिया गया है। लघु फिल्म दर्शकों को ग्रामीण संस्कृति को सहेजकर रखने का संदेश देने वाला है।

# धूमधाम से निकली संत गुलाब बाबा की पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संत गुलाब बाबा के टैगोर नगर स्थित मंदिर के 17वें वार्षिकोत्सव समारोह के दूसरे दिन गुरुवार को संतश्री की पालकी यात्रा धूमधाम से निकली गई।

पूर्व की भांति इस साल भी बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए और प्रातः 6.32 बजे दुग्धाभिषेक कर प्रातः 10.32 बजे पालकी यात्रा टैगोर नगर कॉलोनी में निकाली गई, जिसमें रथ, घोड़े, ऊंट भी शामिल किए गए थे। इस दौरान अलग-अलग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ, जिसमें गुरु घासीदास बाबा के जयकारों के साथ पंथी नृत्य टीम, राउत नाचा टीम, डीजे धुमाल के साथ बड़े धूमधाम से पालकी यात्रा टैगोर नगर से प्रारंभ होकर मेनरोड होते हुए बूढ़ी माई चौक से शैलेंद्र नगर होकर टैगोर नगर स्थित मंदिर में गुलाब बाबा की आरती के साथ संपन्न हुई। दोपहर 1 से 4 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे से मध्यरात्रि तक भजन एवं रात्रि 8 बजे भण्डारे का कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दादाजी अलमेडा, चितले बाबाजी, सुरेश पालकर, चुन्नू भैया, संजय, लव कुमार देवांगन, टाकरखेड़ समाधि मंदिर के अध्यक्ष गोपाल उमक, द्वारिका प्रसाद यादव, गोदड़ीवाला धाम के प्रमुख सेवादार अमर गिदवानी शामिल रहे और कार्यक्रम की व्यवस्था रोहड़े साहब महाराष्ट्र, किरण परासरे, नीलेश अवस्थी, गोपाल कोलते, गोलू विश्वकर्मा, अम्बालाल पटेल, गुड्डू नेताम, महेंद्र सोनी, परासरे हट्टा, मुन्ना दमोह ने संभाली।

# 80 लाख की पेनाल्टी भरने शराब दुकानों के कर्मचारियों का काटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के नवंबर के वेतन में 5 हजार से लेकर 10 हजार रुपए तक कटौती कर दी गई है। बीआईएस कंपनी के अंडर में कार्य करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि उनके वेतन में बिना कारण के कटौती की गई है। काटा गया वेतन का भुगतान अगर नहीं मिला तो हड़ताल करेंगे।

- **भड़के कर्मचारियों ने कहा– कटौती का वेतन नहीं मिला तो करेंगे हड़ताल**

इधर बीआईएस कंपनी के समन्वयक विनय शर्मा ने कहा कि सीएसएमएसीएल ने उनकी कंपनी पर 80 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। यह पेनाल्टी जबरदस्ती लगाई गई है। इतनी बड़ी राशि की भरपाई कैसे होगी, इसलिए कर्मचारियों के वेतन में कटौती की गई है। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारियों का कहना है कि कंपनी की ठेका की प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर होती है, इसलिए इस मामले में विभाग के आला अधिकारी ही बता पाएंगे।

### काटा वेतन का भुगतान नहीं मिलने पर 31 को हड़ताल की चेतावनी

कुछ कर्मचारियों ने बताया कि काटा गया वेतन को वापस करने के लिए कंपनी प्रमुख से बातचीत हुई है, लेकिन उनका कहना है कि जैसे ही कंपनी को भुगतान होगा, वह भी कर्मचारियों को भुगतान कर देगी। हालांकि कर्मचारियों ने कहा कि अगर 30 दिसंबर तक उनका रुका वेतन नहीं मिला, तो 31 दिसंबर से हड़ताल पर जाने की रणनीति बनाई है।

### कर्मचारियों ने कहा- कंपनी हमारे से गलत कर रही

इधर शराब दुकानों में सुपरवाइजर, सेल्समैन एवं मल्टीवर्कर के पद पर कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि अगर सीएसएमएसीएल ने कंपनी पर पेनाल्टी लगाई है, तो इसमें कर्मचारियों का कसूर क्या है। कंपनी ने उनके वेतन में कटौती कर दी है। एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी ने सुपरवाइजर का 10 हजार, सेल्समैन की 8 हजार एवं मल्टीवर्कर की 5 हजार रुपए की कटौती की है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि उनके वेतन में कटौती से कंपनी की भरपाई हो गई, लेकिन उनके वेतन की भरपाई कैसे होगी।




### डैमेज स्टाक के कारण कंपनी पर पेनाल्टी

*बीआईएस कंपनी पर सीएसएमएसीएल ने 80 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। बताया जा रहा है कि यह पेनाल्टी शराब दुकानों में कई ब्रांड की शराब की 6 माह तक बिक्री नहीं होने से डैमेज स्टॉक के कारण लगाई गई है। बताया जा रहा है कि कंपनी के साथ हुए अनुबंध में यह शर्त भी शामिल है। इस शर्त के तहत ही सीएसएमएसीएल ने कंपनी पर पेनाल्टी लगाई है। हालांकि कंपनी का कहना है कि अगर किसी दुकान में किसी ब्रांड की शराब की खपत कम होती है, तो इसके लिए कंपनी कैसे जिम्मेदार है। कंपनी ने इस पेनाल्टी को गलत बताया है।*

### हड़ताल पर गए तो शासन को होगा करोड़ों का नुकसान

*शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारी अगर हड़ताल पर जाते हैं, तो इससे सबसे बड़ा नुकसान शासन को होगा। कर्मचारियों के हड़ताल की चेतावनी के बाद भी अभी तक विभाग और कंपनी की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था की बात नहीं आई है। ऐसे में कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शराब दुकानों में बिक्री भी पूरी तरह प्रभावित होने की संभावना है, जिससे राजस्व के रूप में शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान होगा।*

## खबर संक्षेप



### कोना में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

**महासमुंद।** ग्राम कोना (खट्टी) में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। शिविर में मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए चंद्राकर ने कहा बच्चे देश के भविष्य है। शिविर में हमे घर जैसी सुविधा नहीं मिलती। अभाव में रहकर परिस्थितियों को समझते हुए हम अपने आप को निखारें और सभी प्रकार के नशे से दूर रहे। अपने आसपास में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, अपने माता-पिता, गुरुजन एवं बुजुर्गों का सम्मान व सेवा करें। सभ्य समाज का निर्माण हो। उन्होंने भेदभाव मिटाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता रमेश शर्मा (एसएमडीसी अध्यक्ष) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी ने की, विशिष्ट अतिथि दुजराम साहू पूर्व सरपंच, पुष्पा ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य खट्टी, केसरी चंद्रपाल चंद्राकर उपसरपंच, प्रभा ध्रुवंशी उपसरपंच ग्राम खट्टी, मनहरण साहू, पवन साहू अध्यक्ष सहकारी सेवा समिति ग्राम खट्टी अनुराग चंद्राकर मंच पर उपस्थित थे।

### निधन

#### परशुराम देवांगन

**महासमुंद।** शंकर नगर निवासी हलवाई परशुराम देवांगन (48 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम भलेसर रोड में किया गया। वे प्रभु देवांगन के भाई व आशीष देवांगन के पिता थे।

# वीर बाल दिवस पर झलप में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

सरवंशदानी गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को समर्पित वीर बाल दिवस के अवसर पर झलप में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से ओतप्रोत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा झलप में प्रातः एवं रात्रि दीवान का आयोजन हुआ, जिसमें शबद कीर्तन, कविता पाठ एवं कथा-विचार के माध्यम से बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह के साहस, त्याग और धर्मरक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से लुधियाना से पधारे भाई परस सिंह के जत्थे द्वारा प्रस्तुत शबद कीर्तन ने संगत को भावविभोर कर दिया। कथा-विचार में वक्ताओं ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, धर्म और राष्ट्रभक्ति का जीवंत संदेश है।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया। जन समर्पित सेवा समिति झलप एवं मॉडर्न ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर के सहयोग से गुरुद्वारा परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 80 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की अनुपम मिसाल पेश की।

इसी क्रम में रायगढ़ निवासी गुरुप्रेमी परिवार द्वारा जरूरतमंद एवं गरीबजनों के लिए कंबलों की सेवा की गई। गुरुद्वारा झलप के सहयोग से वितरण किए गए, इससे ठंड के मौसम में असहाय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, उल्लेखनीय है कि वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने के बाद साहिबजादों के बलिदान को लेकर जन-जागरूकता और सम्मान का भाव और अधिक प्रबल हुआ है। इसी कड़ी में झलप स्थित भाजपा कार्यालय में भी वीर बाल दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके जीवन से राष्ट्रभक्ति, त्याग और धर्मरक्षा की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। झलप में आयोजित ये सभी कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और संस्कारों के त्रिवेणी संगम के रूप में यादगार बने रहे, जिनमें बड़ी संख्या में संगत, ग्रामीणजन एवं युवाओं की सहभागिता रही।





### प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल

भारत सरकार द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा वर्ष 2022 में की गई थी। शुरुआती 1–2 वर्षों में इसे लेकर वृहद स्तर पर आयोजन हुए, स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए और साहिबजादों के बलिदान को जन-जन तक पहुँचाया गया। लेकिन इस वर्ष न तो शासन स्तर पर और न ही प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार का आयोजन किया गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास और चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति उदासीन रवैये को भी उजागर करती है। ऐसे राष्ट्रीय महत्व के दिवस पर आयोजन न होने से आमजन की भावना आहत हुई है।

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की जोरशोर से तैयारी आध्यात्मिक एवं साहित्यिक पुस्तक मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

नया कृषि उपज मंडी के सामने अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा क्षेत्रवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक भव्य 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही 27 दिसंबर से 3 जनवरी तक आध्यात्मिक एवं साहित्यिक पुस्तक मेले का भी आयोजन होगा।

ट्रस्टीगणों ने बताया कि यह आयोजन व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरुआत 31 दिसंबर को 1008 महिलाओं की मंगल कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा से होगी। 1 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे देवस्थापना एवं वेदी पूजन के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। दोपहर 3 बजे युगसंगीत एवं प्रज्ञा पुराण तथा सायं 5 बजे डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से 'आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी' विषय पर प्रस्तुति दी जाएगी। 2 जनवरी को निर्धारित कार्यक्रमों के साथ सायंकाल अखंड ज्योति एवं वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर मातृ श्रद्धांजलि संकल्प एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। 3 जनवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्रों की विदाई संपन्न होगी। महायज्ञ के दौरान गुरुदीक्षा सहित पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, कर्णछेदन, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस एवं विवाह दिवस जैसे सभी संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे, जिसके लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा।






आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। स्थानीय वरिष्ठ परिजन गांव-गांव और घर-घर संपर्क कर प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। सिंगबहाल एवं चारभांठा क्षेत्र के परिजन समिधा तैयारी, अन्नघट वितरण एवं संग्रहण का कार्य कर रहे हैं। वहीं स्थानीय महिलाओं द्वारा कलश यात्रा हेतु 1008 कलश सजाकर तैयार कर लिए गए हैं। बरमकेला, सरिया एवं सागरपाली क्षेत्र के परिजनों के सहयोग से यज्ञशाला एवं 51 वेदियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। भोजनशाला, जंवारा, पार्किंग एवं साहित्य स्टॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।



## पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, बसना ने जीता फाइनल

**बसना।** पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बसना और सलडीह टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बसना टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सलडीह को 6 विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम बसना को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई, जिसे मुख्य अतिथि प्रणय बारीक एवं राजकिशोर कुमार के करकमलों से प्रदान किया गया। उपविजेता सलडीह टीम को दूसरा पुरस्कार सिरको सरपंच फगुलाल नेताम की ओर से 8 हजार रुपये प्रदान किए गए। तृतीय पुरस्कार लक्ष्मीनारायण इलेक्ट्रिकल बसना द्वारा 4 हजार रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार सरदार मसाला बसना की ओर से 4 हजार रुपये दिया गया। टूर्नामेंट का समापन समारोह युवा शक्ति क्रिकेट क्लब सिरको के अध्यक्ष नेहरू साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष जन्मजय निषाद ने मुख्य व्यवस्थापक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरे कार्यक्रम को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। स्थानीय खेल प्रेमियों ने टूर्नामेंट की सराहना करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी।

## चट्टीगिरोला में प्रथम वर्ष ड्यूज गेंद क्रिकेट स्पर्धा, कलेंडा की खैरमाल पर रोमांचक जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



समीपस्थ ग्राम चट्टीगिरोला में प्रथम वर्ष ड्यूज गेंद क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 13 से 24 दिसंबर तक किया गया। फाइनल मैच कलेंडा और खैरमाल के मध्य खेला गया। जिसमें कलेंडा की टीम विजयी रही। मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट केशव रहे। मुख्य अतिथि जयश्री दास जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ महासमुंद थी। उन्होंने कहा इस क्रिकेट से ही खिलाड़ियों को खेलने का सही मंच मिलता है। आयोजन समिति की उन्होंने प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि रमेश चौधरी एलआर एजेंसी सरायपाली, पंच राधेश्याम चौधरी, जगदीश चौधरी, गंगाधर बाघ, खिरोद चौधरी, पीसीएस सदस्य मिनकेतन पटेल, किरोटी स्वाईं मंचासीन थे। पहली बार ड्यूज गेंद क्रिकेट होने पर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। यह अंडर टूर्नामेंट बी श्रेणी का स्पर्धा था जिसमें केवल एक ही गांव के खिलाड़ी भाग लिए। समापन अवसर पर आयोजन समिति से अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, अश्विनी बुड़ेक, मनोज विशाल, लोकेश दास आदि खिलाड़ी ग्रामवासी मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 15000 रुपये प्रदान किया। उपविजेता टीम को रमेश चौधरी एल आर एजेंसी सरायपाली द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# वीर बाल दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

स्थानीय विश्राम गृह में शुक्रवार को वीर बाल दिवस का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल रहे। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में स्थानीय प्रेस क्लब अध्यक्ष रजिंदर खनूजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह का बलिदान विश्व इतिहास में सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि ऐसा उदाहरण कहीं और नहीं मिलता, जहां धर्म की रक्षा हेतु पूरे परिवार ने बलिदान दिया हो। उन्होंने उपस्थित जनों से इस महान शहादत से प्रेरणा लेकर अपने धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया।



मुख्य वक्ता रजिंदर खनूजा ने गुरु गोविंद सिंह के संघर्ष और बलिदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि मुगलों के तत्कालीन वजीर खान के सामने झुकने के बजाय गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार ने अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने चारों मासूम पुत्रों को भी धर्म की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि इसी शहादत के कारण आज हिंदू धर्म सुरक्षित और जीवित है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कुछ लोग इस महान बलिदान को भूलकर धर्म परिवर्तन की ओर बढ़ रहे हैं, जो गुरुओं के बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि नहीं है। उन्होंने सभी से धर्म की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को दीपक सलूजा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद, जनपद अध्यक्ष उषा घृतलहरे, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, ब्रह्मानंद पटेल, प्रीतराम सूर्य, त्रिलोक आजमानी, रविंदर आजमानी, स्वप्निल तिवारी, राजा खनूजा, अनूप अग्रवाल, सोनू सौरभ अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## श्री रामलला के दर्शन करने श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम रवाना

### सरला कोसरिया व कुमारी भास्कर हरी झंडी दिखाई



**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों से अयोध्या धाम स्थित श्रीरामलला के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं का आज श्रद्धा और उत्साह के साथ शुभ प्रस्थान हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया तथा कुल 30 श्रद्धालुओं को ध्वज दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से प्रदेश के भाई-बहनों को बारी-बारी से तीर्थ दर्शन का अवसर मिल रहा है। इस योजना के माध्यम से आमजन को धार्मिक स्थलों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे लोगों में आस्था और सांस्कृतिक चेतना का संचार हो रहा है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया एवं जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने ध्वज दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अयोध्या धाम श्रीरामलला के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस धार्मिक एवं जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे जनभावनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया।



### शेर में मनाई गई वाजपेयी की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत शेर में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में सरपंच अनिता हरेंद्र साहू, उपसरपंच भारती ताराचंद साहू, पंच ओंकार साहू, हेमू दीवान, संतोषी साहू, देवला किरण ध्रुव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका चेतन दीवान, गीता साहू, पुष्पा साहू, कांति साहू, मोगरा साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कोमाखान में तीन दिवसीय सनातनी जागरण शिक्षा सत्र का समापन, 41 बच्चों ने लिया संस्कारों का प्रशिक्षण

**कोमाखान।** कोमाखान विप्र समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सनातनी जागरण शिक्षा सत्र का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर ब्राह्मण समाज कोमाखान के संरक्षक डॉ. अरुण शुक्ला, अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद उपाध्याय एवं उपाध्यक्ष पं. मोतीलाल तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव डॉ. विजय शर्मा ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में सर्व समाज के कुल 41 बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों को नैतिक संस्कार, प्रातः वंदन, पूजा, उपासना, श्लोक, पूजा परंपरा सहित सनातनी जीवन मूल्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक चित्रों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता खुशी राठौर, विक्रम सोनवानी, मयंक द्विवेदी, कान्हा ध्रुव, मान द्विवेदी एवं पूजित जैन को सुंदरकांड आभास पुस्तिका एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। शेष प्रतिभागियों को अभ्यास पुस्तिका एवं कलम पं. मोतीलाल तिवारी एवं यश शर्मा द्वारा प्रदान की गई।



पं. शिवप्रसाद उपाध्याय एवं देवव्रत शर्मा द्वारा प्रतिदिन बच्चों के लिए प्रसाद एवं टॉफी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर डॉ. अरुण शुक्ला ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही संस्कारिक शिक्षा देना समाज और माता-पिता की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को सनातनी धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृति से परिचित कराने का अवसर मिलता है। अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद उपाध्याय ने सभी माता-पिता का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवीण उपाध्याय, यश शर्मा, जितेंद्र खरे, लक्की शर्मा, प्रदीप यादव एवं विक्की यादव का विशेष योगदान रहा।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन बसना के अध्यक्ष बने शरण दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई बसना का गठन किया गया। जनपद पंचायत सभागार में एक विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्व समिति से शरण दास को ब्लॉक अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। सभी ने एकस्वर में शरण दास को ब्लॉक अध्यक्ष, रूपसिंह सिंदार को सचिव मनोनीत किया गया। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया ने संगठन की रीति-नीति वह आगामी दिनों में होने वाले आंदोलन पर भी प्रकाश डाला। आगे के दिशा निर्देश के लिए पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया के द्वारा निर्देशित किया गया।

संरक्षक के रूप में पीयूष ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना, बद्री विशाल जोलहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, अनिल सिंह साव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बसना, सुखराम निराला रेंजर बसना, नयन प्रधान एसडीओ जनपद पंचायत बसना, उपाध्यक्ष विजय धृतलहरे लहरे जिला अध्यक्ष, नीलांबर नायक, गजेंद्र नायक, सीजी टीए विनय कुमार प्रधान, जागेश्वर बाघ, नरेश पटेल अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ, गजपति जगत तहसील कार्यालय बसना कोषाध्यक्ष, उपेंद्र नाग प्रदेश अध्यक्ष उद्यानिकी विभाग, सहसचिव राजेश भारती, प्रवक्ता वारिस कुमार, हीराराम चौहान वन विभाग से पाठक, मीडिया प्रभारी प्रेम साव, राज नारायण शर्मा, सलाहकार भगवान प्रसाद सेठ, पेंशनर गिरधारी पटेल, प्रवीण खोपरागढ़े सलाहकार जनपद के संगठन प्रमुख सुक लाल नायक पटवारी, ईश्वर, गेंदलाल, गिरधारी। आगामी दिनों में संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस नियुक्ति पर सभी विभाग के अधिकारी के कर्मचारी ने हर्ष व्यक्त किया है, बताया गया कि 29, 30, 31 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में आंदोलन निर्धारित है।



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आवास फायनेंस कंपनी महासमुन्द ब्राच महासमुन्द छ.ग. के एक ऋणी आवेदक श्री सुभाष राम पिता श्री शिवशंकर राम निवासी महावीर पार्क महासमुन्द थाना महासमुन्द तहसील महासमुन्द जिला महासमुन्द छ.ग. के भुमि स्वामि हक व स्वामित्व का भुमि संपत्ति जिसका खसरा न. 297/2/3/7 रकबा 1750 वर्गफीट है जो कि मौजा ग्राम मचेवा प.ह.न. 41 रा.नि.म. बरोंडाबाजार तहसील महासमुन्द जिला महासमुन्द में स्थित है। मेरे पक्षकार के पिताजी श्री शिवशंकर राम एवं मेरी माता श्रीमति दीपा देवी राम निवासी महावीर पार्क महासमुन्द थाना महासमुन्द तहसील महासमुन्द जिला महासमुन्द छ.ग ने उक्त भुमि संपत्ति को भुमि विक्रेता तरूण कोसरे पिता अनंदीराम निवासी कनेकेरा तहसील व जिला महासमुन्द से दिनांक 10/09/2024 को पंजीकृत बैनामा रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय किया था उक्त भुमि संपत्ति का पुराना पंजीकृत रजिस्ट्री बैनामा जिसे तरूण कोसरे पिता अंनदी कोसरे ने भुमि विक्रेता निरंजन पिता प्रदीप सिंह राजपूत निवासी क्लबपारा महासमुन्द तहसील महासमुन्द जिला महासमुन्द छ.ग से दिनांक 11.11.2013 को खरीदा था उक्त पंजीकृत रजिस्ट्री बैनामा कही गुम हो गया है उक्त गुम हुऐ पंजीकृत रजिस्ट्री बैनामा का विवरण इस प्रकार है पुस्तक क्रमांक अ-1ए, ग्रंथ क्रमांक 7146 पृष्ट क्रमांक 61 से 70 दस्तावेज क्रमांक 2373 पंजीयक दिनांक 11.11.2013 पंजीयन कार्यालय महासमुन्द जिला महासमुन्द छ.ग. है उक्त पंजीकृत रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 12.12.2025 से मेरे पक्षकार से कही गुम हो जाने की जानकारी के संबंध में शपथ पत्र के साथ थाना प्रभारी महासमुन्द जिला महासमुन्द छ.ग. में दिनांक 23.12.2025 को रिर्पोट दर्ज किये जाने की आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों में उक्त भुमि संपत्ति के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक शासकिय व अर्थ शासकिय निकाय, कंपनी निगम, साहुकार, फर्म आदि को तथा अन्य को किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों कि भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे । समयावधि पश्चात उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा आवास फायनेंस में बंधक रखकर ऋण की प्रकियां पूर्ण करेगा। तत्पश्चात किया गया कोई भी दावा आपत्ति अवैध व शुन्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

अतः सूचना जाने।

स्थान- महासमुन्द
दिनांक-26.12.2025

**राजेन्द्र सिंह बांसवार (अधिवक्ता)**
**कार्यालय नयापारा वार्ड नं 7 शिव चौक के पास महासमुन्द तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. मोबाईल नं. 9826313232**

## खबर संक्षेप



### वीर बाल दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वीर बाल दिवस पर शत-शत नमन किया गया। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, इस दौरान कौशल्या चंद्राकर ने कहा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन विधायक कार्यालय प्रांगण में 27 दिसंबर दिन शनिवार दोपहर 3 बजे होगा। सम्मेलन में प्रमुख वक्तागण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंग ठाकुर होंगे।

### बिरकोनी चंडी मंदिर में भव्य पौष पूर्णिमा मेला 3 को

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित मां चंडी मंदिर में भव्य पौष पूर्णिमा छेरछेरा मेला एवं वार्षिक समारोह 3 जनवरी शनिवार को आयोजित किया जा रहा है। मड़ई मेला आयोजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता की पूजा आरती एवं दर्शन व सेवा की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक रंगमंच परिसर में रात्रि 11 बजे छत्तीसगढ़ी गायिका स्वर कोकिला ख्यातिप्राप्त पूनम विराट तिवारी एवं दिव्या तिवारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

# भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है भागवत कथाः शर्मा

## बिरकोनी के प्रमुख स्थलों से होते हुए भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिरकोनी

- बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू

ग्राम बिरकोनी में बुधवार को श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे महिलाओं और बालिकाओं द्वारा बड़ी संख्या में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल से तालाब में शीतला मंदिर परिसर से जल अर्पित कर ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए, सुभाष चौक, बाजार चौक, साहू पारा, रामजानकी चौक से वापस भक्ति भाव गीत व भजन कीर्तन के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने हरे कृष्णा, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे श्याम, हे श्याम श्याम हरे हरे, राधाकृष्ण के जयकारे लगाये। श्रीमद भागवत महापुराण का कलश शोभायात्रा के साथ कथावाचक आचार्य दीपक शर्मा व परायणकर्ता पंडित आशीष शर्मा ने भागवत स्थापना व पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। आचार्य दीपक शर्मा ने ज्ञान भक्ति वैराग्य के प्रसंग सुनते हुए बताया कि भगवान श्रीराम के बाद श्रीकृष्ण का युग आया, जो व्यक्ति श्रीकृष्ण के चरित्रों को अपने मानस में संजो लेता है। उसका बेड़ा पार हो जाता है। भागवत साक्षात भगवान का रूप है। भागवत का प्रत्येक अक्षर का अर्थ है।



भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि प्रेम ग्रंथ है। इस प्रेम ग्रंथ को सुनने के कई नियम है। भगवान कहते हैं कि कर्म पर विश्वास रखो, तभी कुछ अच्छा प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कलियुग में श्रीमद भागवत कथा हर दिन सुननी एवं श्रवण करनी चाहिए। ऐसा करने से जीवन में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य का समावेश होता है। श्रीमद भागवत भगवान में भक्तों का वर्णन करती है। यह भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है। साथ ही परम तत्व की प्राप्ति का रास्ता बताती है।

इस अवसर पर आयोजक सरपंच चंदन चंद्राकर, डॉ भारती चंद्राकर, लोचन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, दीपिका चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, भोला चंद्राकर, टकेश्वर सेन, गिरजा चंद्राकर, शत्रुघन चंद्राकर, भूषण निषाद, डोलू साहू, कोमल चंद्राकर, पोखन दास मानिकपुरी, बिसौहा चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्पर्धा : पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें हुईं शामिल

# पचपेड़ी की टीम ने तीन ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर जीती स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूकोना

टीएनके स्टार इलेवन के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता में दूर दराज के कुल 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमे चार टीम तुपकबोरा, पचपेड़ी, घोघरा व सेवाती की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला तुपकबोरा व पचपेड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें तुपकबोरा की टीम ने निर्धारित छः ओवरों में 55 रन बना पाई। जवाब में पचपेड़ी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज तीन ओवर में जीत दर्ज की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति रवि फरोदिया थे, अध्यक्षता जनपद सदस्य धनंजय साहू ने किया व विशेष अतिथि के रूप में एएस ध्रुव, देवदास बैरागी, बलराम दीक्षित, किशन अग्रवाल, गतेश्वर साहू, राकेश अग्रवाल, विनय साहू, सोनसिंग दीवान, खेमसिंग दीवान, देव साहू, लोमश साहू, कौशल साहू आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रवि फरोदिया ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की हार व जीत एक सिक्के के दो पहलू है, उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा की हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होकर कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगले मैच में पूरी तरह दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए।



**ये टीमे रहीं विजयी**

प्रथम स्थान पचपेड़ी ने 25000 रुपए प्राप्त किए इसी तरह द्वितीय स्थान तुपकबोरा ने 15000 रुपए, तृतीय स्थान सेवाती ने 10000 रुपए व चतुर्थ स्थान घोघरा ने 7000 रुपए के साथ सभी पुरस्कारों में क्रमशः आकर्षक ट्राफी प्राप्त किए। इसी तरह मेन ऑफ द सीरीज छोटू बघेल पचपेड़ी को रेंजर सायकल, मेन ऑफ द मैच कोमल बघेल पचपेड़ी को ट्राफी, बेस्ट बेस्ट मेन विपिन दीवान तुपकबोरा को बैट, बेस्ट किपर - विजय दीवान तुपकबोरा को आकर्षक ट्राफी, बेस्ट फील्डर हरिश ठाकुर घोघरा को जूता व बेस्ट बॉलर रोहन सेवाती को सीलिंग फैन से पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने आगे युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आव्हान किया। जनपद सदस्य धनंजय साहू ने विजेता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम को गतेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता सफल बनाने डिगेश्वर दीवान, अशोक साहू, डायमंड दीवान, ललित साहू, अंकुश शर्मा, देवेंद्र बैरागी, देवेंद्र दीवान, बउवा दीवान, रेखराम साहनी, राज रात्रे, गज्जू ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

### चंद्रशेखर वर्मा का बजरंग दल द्वारा स्वागत



**झलप।** हिंदू परिषद क्षेत्रीय अर्चक पुरोहित प्रमुख भोपाल क्षेत्र, विहिप के छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व कार्याध्यक्ष, एवं आर एस एस के पूर्व कार्यवाह चंद्रशेखर वर्मा का झलप खंड के बजरंग दल द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत में मुख्य रूप से सरपंच झलप राकेश साहू, ग्राम पंचायत छिलापावन सरपंच राधेश्याम पटेल, भाजपा जिला संयोजक सोशल मीडिया हनी सिंह गंभीर, बजरंग दल जिला सहसंयोजक दुर्गेश यादव गौ सेवा आयोग सदस्य राजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष बजरंग दल झलप खंड लवकुश साहू, राम गुप्ता, हीरालाल देवांगन सतीश मारखंडे, अभिषेक चौहान, नितेश यादव, लोकेश ध्रुवंशी उपस्थित रहे।

### बिंद्रावन मे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 6 जनवरी से

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन 6 से 14 जनवरी 2026 तक किया है। कथा वाचक पंडित हेम प्रकाश बबलू शर्मा उखरा वाले होंगे। कथा श्रवण दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। 6 जनवरी मंगलवार को वेदी, कलश स्थापना, गौकरण पूजा, 7 जनवरी बुधवार को भगवान विष्णु के 24 अवतार, राजा परीक्षित जन्म, 8 जनवरी गुरुवार को वराह अवतार, शिव-पार्वती विवाह, 9 जनवरी शुक्रवार को भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 10 जनवरी शनिवार को वामन अवतार, राम-कृष्ण अवतार, 11 जनवरी रविवार को श्रीकृष्ण की बाललीला, रासलीला, 12 जनवरी सोमवार को कृष्ण-रुखमणि विवाह, 13 जनवरी मंगलवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भगवान बारात, 14 जनवरी बुधवार को गीता, हवन, कपिला तर्पण एवं महा प्रसादी भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।



# मानव-मानव एक समान का संदेशः तुषार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमावस में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया, तुषार साहू ने उद्बोधन में कहा गुरु घासीदास (1756 – 1850) भारत के एक संत थे जो छत्तीसगढ़ राज्य के बलोदा बाजार जिले के गिरौदपुरी गांव में पिता महंगुदास एवं माता अमरौतिन के यहां अवतरित हुये थे। वे सतनाम पंथ जिसे आम बोलचाल में 'सतनामी समाज' कहा जाता है, के प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने समय की सामाजिक आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। इनसे समाज के लोग बहुत ही प्रभावित थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय ढीढी, अध्यक्ष बलराम साहू, थानू साहू, रमेश पटेल, ईश्वर निषाद, लकी पटेल व अत्यधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# नपाध्यक्ष के प्रयास से सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव
# आधुनिक मशीन से हो रही सड़कों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शहरवासियों व राहगीरों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका जल्द ही सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब तक सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाकर सड़कों की सफाई की जाती है। इसके कारण धूल उड़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इस समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका द्वारा ऑटो स्वीप मशीन खरीदा गया है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि सड़कों पर पड़े बालू और धूलकण को हटाने के लिए ऑटो स्वीप मशीन की खरीदी की है। मशीन के आने से शहर की सड़कों के किनारे जमा धूल और बालू से लोगों को काफी हद तक निजात मिलेगी।



शहर की कई प्रमुख सड़कों पर सफाई की पुरानी पद्धति के कारण अब भी बालू और धूलकण के ढेर लगे रहते हैं। सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाने के दौरान धूल उड़ने से उनका स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। वहीं, कई स्थानों पर सड़क किनारे बालू जमा रहने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। तथा इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फुटपाथ पर भी बालू जमा होने से नागरिकों को परेशानी होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा आटो स्वीप मशीन खरीदा गया है जो बेहद एडवांस और अपडेटेड है। इसके माध्यम से सड़क से धूल मिट्टी को हटाने में सफाई विभाग को सहायता मिलेगी। ऑटोमेटेकली इस मशीन के साथ सफाई होगी इसमें पानी की भी व्यवस्था है, इस मशीन में गार्बेज को डीलोड करने की भी व्यवस्था है, आधुनिक टेक्नोलॉजी की यह मशीन है, जिससे लगता है कि नगर की सफाई बहुत तेजी से हो पाएगी। डस्ट पॉल्यूशन को कम कर पाएंगे। नगर पालिका परिषद पूरी शिद्दत के साथ नगर को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है।

### सफाई मशीन के ट्रायल कार्य को पालिका अध्यक्ष ने देखा

पालिकाध्यक्ष साहू ने नगर की जनता को विश्वास दिलाया है कि नगर में इसी तरह की लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीनों को सड़कों पर उतारेंगे। जिससे बेहतर स्वच्छता और बेहतर पर्यावरण नगर को मिलेगा।

### जीव हत्या न करना, नशा न करना, नारी सम्मान, और पशु कल्याण का संदेशः तुषार

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नयापारा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए, समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। तुषार साहू ने कहा कि गुरु घासीदास के सिद्धांत मुख्य रूप से ₹मनखे-मनखे एक समान₹ पर आधारित हैं, जो सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और अंधविश्वास से मुक्ति का संदेश देते हैं, जिसमें उनके सप्त सिद्धांत (सात सिद्धांत) प्रमुख हैं, जैसे सतनाम में विश्वास, मूर्ति पूजा का खंडन, जातिवाद का त्याग, जीव हत्या न करना, नशा न करना, नारी सम्मान, और पशु कल्याण। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व उप सरपंच संतराम बंजारे, संजय बंजारे अजय सोनवानी शत्रुघ्न सोनवानी सुरेश महेश दिनेश लोकेश नरेश अत्यधिक संख्या में सतनामी समाज के पदाधिकारी ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# विधायक की पहल पर किसानों को मिलेगी राहत

## 5 जनवरी से 13 गांवों के लिए कोडार जलाशय से छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की पहल पर एवं किसानों की मांग और आवश्यकताओं को देखते हुए कोडार जलाशय से रबी फसल के लिए खेतों में पानी देने पर निर्णय लिया गया। विधायक सिन्हा ने कहा कि किसानों की मांग के मद्देनजर 5 जनवरी से ही पानी दिया जाए। इसके लिए जिले के कोडार जलाशय परियोजना (बायीं तट नहर प्रणाली से) वृहद परियोजना अंतर्गत पानी दिया जाएगा। इसके लिए कोटवार के माध्यम से मुनादी करके किसानों तक जानकारी पहुंचाई जाए। अंतिम छोर तक पानी पहुंचे इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए।



जल संसाधन के मुख्य कार्यपालन अभियंता अजय कुमार खरे ने बताया कि रबी सिंचाई के लिए कोडार वृहद परियोजना में बांयी तट नहर प्रणाली से 13 गांवों के 1600 हेक्टेयर क्षेत्र का रकबा सिंचाई सुविधा के लिए प्रस्तावित किया गया है। इन गांवों में बंजारी, घोंघीबाहरा, बनसिवनी, कौंदकेरा, सोरिद, चोरभट्ठी, नयापारा, परसदा, बेमचा, मुस्की, कांपा, खरोरा एवं बरोंडाबाजार शामिल हैं।

### भाजपाइयों ने अटल के कार्यों का स्मरण किया

**महासमुंद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के राज निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा शहर मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में अटल के छायाचित्र पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया।




## गुरु घासीदास जयंती पर्व में बेलसोंडा सतनामी समाज द्वारा छात्रों व वरिष्ठ जनों का सम्मान

# जयंती पर्व में अपराध व नशे से दूर रहने की संकल्प लेंः दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ग्राम बेलसोंडा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे के मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष विजय बंजारे की अध्यक्षता व अति विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, बागबाहरा जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार तथा विशेष अतिथि रेखराज बघेल जिला सचिव, प्रीति चंद्राकर सरपंच, कुणाल चंद्राकर उपसरपंच, सोमनाथ टोंडेकर जिला मिडिया प्रभारी, महेंद्र सुर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के उपस्थिति में किया गया।

सर्व प्रथम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से शोभायात्रा निकालकर कर ग्राम भ्रमण किया। जिसकी जगह-जगह ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तत्पश्चात जोड़ा जैतखाम में समाज प्रमुखों व अतिथियों के हाथों से पालों चढ़ाई गई। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर व सफल व्यवसाई, वरिष्ठ जनों के साथ भंडारी साटीदार का सम्मान किया गया।

बंजारे ने समाज को अपराध व नशा से दूर रहने की संकल्प लेकर आदर्श समाज की नवनिर्माण में भागीदार बनने अपील किया। विजय बंजारे ने गांव के सामाजिक एकीकरण में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ग्राम कमेटी के गठन पश्चात हुई बदलाव की सराहना करते हुए संगठित रहने की बात कही। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने गुरु घासीदास बाबा के आशीर्वाद से ही उपसरपंच बना फिर जनपद उपाध्यक्ष बनने की बात कहती हुई समाज के हमेशा साथ खड़े रहने की वचन दी। तरुण व्यवहार ने समाज के लिए संघर्ष करने वाले समाज प्रमुखों का सम्मान करने व उनके साथ देने की अपील की। रेखराज बघेल ने कहा जैसे श्वेत वेषभूषा धारण करने वाले लोग हजारों के भीड़ में भी अलग दिखती है वैसे ही सात्विक खान-पान रहन-सहन वाले लोग सतनामी की पहचान को प्रदर्शित करते हैं। सरपंच प्रिती ढीवर, उपसरपंच कुणाल चंद्राकर व सोमनाथ टोंडेकर ने जयंती पर्व की शुभकामनाएं दिया। मंच संचालन रविशंकर जांगड़े व आभार मुरली बघेल ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व सर्व समाज के लोग एक साथ सामूहिक भोजन पान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज बेलसोंडा ग्राम कमेटी अध्यक्ष निरंजन बघेल, उपाध्यक्ष गण धरम कोशले, लेनदास कोशले एवं मुरली बघेल सचिव मनीष लहरे, चेतन बघेल सह-सचिव, अठगवां सचिव राकेश जांगडे, मोहन कोशले को कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी योगेश मन्नाडे समाज के अनुभवी एवं वरिष्ठ सदस्यों सलाहकार शिवा बघेल, शीश बघेल, अमरदास बघेल, राजेश खन्ना बघेल, भागी बघेल, पुनीत बघेल, कुबेर बघेल, दीपक बघेल एवं जेठूराम जांगड़े की अहम योगदान रहा।



